इस मास में विशेष: साधना दीक्षा

आर्थिक उन्नतिप्रद विजय गणपति साधना

04 अगस्त, विभुवन संकष्टी चतुर्थी

इस **समाज** में तब तक आपकी **प्रतिष्ठा** नहीं है, जब तक आप **आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं है। असफलता, बाधा, शत्रुता** आदि अनेक प्रकार के **अवरोध** हमारे जीवन में नित्य आते रहते हैं। जीवन की आवश्यकता है **आर्थिक समृद्धि**। **सर्व विघ्न नाशक भगवान गणपति** अपने **साधक** के जीवन के समस्त **विघ्नों का नाश** कर उसे **आर्थिक समृद्धि** और **उन्नति** युक्त **विजयश्री** का वरदान प्रदान करते हैं।

मनोवांछित ऐश्वर्य महालक्ष्मी प्रयोग

25 अगस्त, वर लक्ष्मी व्रत

भौतिक जीवन जीने वाला हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग, आयु, जाति का हो, **ऐश्वर्यवान** होना चाहता है, **धनवान** होना चाहता है, **सम्पन्न** होना चाहता है। उस व्यक्ति के लिये यह प्रयोग उपयोगी है। इस प्रयोग को सम्पन्न कर व्यक्ति **मनोवांछित ऐश्वर्य, धन, संपत्ति** व **सुलक्ष्मी** की प्रप्ति कर पाता है, जिससे जीवन **सुमंगलमय निर्मित** हो पाता है। यह एक **दुर्लभ, अद्वितीय, जीवन** का अत्यन्त आवश्यक प्रयोग है।

शिवमय सौभाग्य सिद्धि साधना

31 अगस्त, श्रावण पूर्णिमा

इस साधना से आप अपने **भौतिक पक्ष** को पूर्णरूपेण संवार सकते हैं और साथ ही अपने **सांसारिक गृहस्थ जीवन** में तीव्रतम **अनुकूलता** ला सकते हैं। इस साधना के प्रभाव से आपके **परिवार** में **शिव** और **पार्वती** के समान **प्रेम, आहलाद, समर्पण, सांसारिक क्रियाओं में उन्नति, बल, वीर्य, तेज, काम देव शक्ति, चुम्बकीय आकर्षण** युक्त **सौन्दर्य** की प्राप्ति प्राप्त होती है। साथ ही **जीवन भय** और **अकाल मृत्यु** रहित **अग्रसर** होता है।



कृष्ण सौन्दर्य आकर्षण साधना

07 सितम्बर, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

किसी भी व्यक्ति का चेहरा उसके **व्यक्तित्व** का दर्पण होता है। यदि मुख पर **तेजस्विता** है, **आकर्षण** है, तो स्वतः सामने वाला व्यक्ति आप से प्रभावित होगा ही। **सौन्दर्य वह भी श्रीकृष्ण के समान,** ऐसी ही कायाकंचन एवं मुख मंडल पर **तेजिस्वता** ला सकते हैं, कि आप किसी से भी अपने मन की बात मनवा सकते हैं और **सौन्दर्य** तो **भीतर** और **बाहरी** दोनो ही होना चाहिये। इस **कृष्ण सौन्दर्य आकर्षण साधना** से आप इन गुणों को **आत्मसात** कर सकते हैं।

साधना एक **साधक** के जीवन का **अभिन्न अंग** है, जो साधक समय-समय पर स्वयं व सामूहिक रूप से साधना सम्पन्न करते हैं, वे सदैव **सद्गुरूदेव** के **हृदय** में एक **विशिष्ट स्थान** प्राप्त करते हैं। ये **विशिष्ट साधनायें** सम्पन्न करने के लिए **कैलाश सिद्धाश्रम** में सम्पर्क करें।